# सवाल पूछना ***अच्छी बात*** है

## अपने **ब्रेन ट्यूमर (दिमाग में ट्यूमर)** और इसके इलाज के बारे में अपनी स्वास्थ्य-देखरेख टीम से पूछे जाने वाले सवाल



BRAIN TUMOUR ALLIANCE AUSTRALIA Inc.

Supporting People with a Brain Tumour (ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित लोगों की सहायता करने की) परियोजना Cancer Australia की *Supporting People with Cancer (कैंसर से पीड़ित लोगों की सहायता करने)* की अनुदान पहल है, जिसके लिए धन-राशि ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा दी जाती है।

# अभिस्वीकृति

2016 में, Brain Tumour Alliance Australia (ब्रेन ट्यूमर अलाइन्स ऑस्ट्रेलिया) को CALD (सांस्कृतिक एवं भाषाई तौर पर विविध) समुदायों सहित ब्रेन ट्यूमर के रोगियों, उनके देखरेखकर्ताओं और परिवारों के लिए ब्रेन ट्यूमर के नए संसाधन विकसित करने के लिए इसकी Supporting People with a Brain Tumour परियोजना के लिए धन-राशि प्रदान की गई थी।

संचालन समिति जिसमें Dr Danette Langbecker (शोधकर्ता, युनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड), Dianne Legge (Olivia Newton-John Wellness & Research Centre - Austin Health), Dr Jonathan Parkinson (न्यूरोसर्जन एवं स्पाइनल सर्जन) तथा Sally Payne (वरिष्ठ सलाहकार, IBTA) ने परियोजना का निरीक्षण किया था। इस समिति की सहायता प्रौजेक्ट टीम द्वारा की गई थी जिसमें Patricia Berman, Catherine Hindson, Janet Micallef, Susan Pitt, Rigoula Roussakis, Philip Steel, तथा Annabelle Wilson शामिल थे।

BTAA ब्रेन ट्यूमर के उन रोगियों और उनके देखरेखकर्ताओं तथा परिवार के सदस्यों का आभार-प्रकट करना चाहेगा जिन्होंने संसाधनों पर प्रतिक्रिया देने के लिए सितम्बर 2017 में फोकस ग्रुप्स (फोकस समूहों) में भाग लेकर परियोजना में योगदान दिया।

BTAA विशेष तौर पर का भी आभार-प्रकट करना चाहेगा जिन्होंने 2008 में प्रारम्भिक It's Okay to Ask (सवाल पूछना अच्छी बात है) तैयार किया था, और School of Public Health, Queensland University of Technologyका भी आभार-प्रकट करना चाहेगा जिन्होंने प्रारम्भिक पुस्तिका को प्रकाशित किया था।


QUT

THE UNIVERSITY OF QUEENSLAND AUSTRALIA



# इससे पहले कि आप आगे पढ़ें...

कुछ लोग बहुत सा विवरण जानना चाहते हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि यदि उन्हें सभी तथ्य पता हों तो वे अधिक नियंत्रण महसूस करते हैं।

अन्य लोग केवल थोड़ी जानकारी ही जानना चाहते हैं। यदि उन्हें बहुत सा विवरण बताया जाए तो वे परेशान हो जाते हैं। हो सकता है कि उन्हें केवल सामान्य जानकारी ही चाहिए हो – उदाहरणत:, कौन सी गोली का सेवन करना है या उनका इलाज क्या होगा। **अपने डॉक्टर को यह बताने में संकोच न करें कि आप कितनी अधिक या कितनी कम जानकारी जानना चाहते हैं।**

हो सकता है कि आपके मन में अन्य सवाल हों जो यहाँ सूचीबद्ध न हों। **अपने खुद के सवाल लिखने के लिए स्थान दिया गया है। आप नोट्स (टिप्पणियाँ) भी लिख सकते हैं।** कुछ सवालों के कोई आसान जवाब नहीं हैं। और हो सकता है कि जवाब पता लगाने में समय लगे। कभी-कभी हो सकता है कि कोई भी जवाब उपलब्ध न हो या आपको केवल प्रतीक्षा करके पता लगाना पड़े। अपने डॉक्टरों और अपनी नर्सों से बातचीत करके आपको अपनी चिंताओं से निपटने में मदद मिल सकती है।

## अपने डॉक्टर से बात कैसे करें:

- किसी मित्र या परिवार के सदस्य को अपने साथ डॉक्टर के यहाँ ले जाएँ। वे बातें याद रखने में आपकी मदद कर सकते हैं।
- यदि आपके कोई सवाल हैं, तो अपनी विज़िट (मुलाकात) की शुरूआत में अपने डॉक्टर को बतायें।
- यदि आपके बहुत से सवाल हैं, तो रिसेप्शनिस्ट से लम्बी अवधि की अपॉइंटमेंट देने के लिए कहें।
- आपके लिए सब कुछ नया है। यदि डॉक्टर द्वारा कही कोई बात आपको समझ नहीं आती है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने डॉक्टर को यह बताएँ।
- अपने डॉक्टर को यह बताने में कोई बुराई नहीं है कि आपको उनकी बात समझ नहीं आई है।
- एक ही जानकारी को एक से अधिक बार सुनना सामान्य है।
- शंकाएँ और चिंताएँ दूर करना आपके डॉक्टर का काम है। जानकारी की स्पष्ट समझ रखना महत्वपूर्ण होता है।
- अपने डॉक्टर से यह पूछें कि किस अन्य व्यक्ति/संस्था के पास उपयोगी जानकारी उपलब्ध है।
- आपका डॉक्टर आपको आपके क्षेत्र में अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों को रेफर कर सकता है।

इस पुस्तिका का नाम ***It’s okay to ask (सवाल पूछना अच्छी बात है)*** है। इसमें ऐसे सवाल दिए गए हैं जो आप अपने डॉक्टरों या अन्य कर्मचारियों से पूछ सकते हैं। ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित लोगों ने इस पुस्तिका को लिखने में मदद की है । उनके परिवारों, डॉक्टरों और नर्सों ने भी इसमें की है।

यह पुस्तिका आपको अपने लिए आवश्यक जानकारी और समर्थन प्राप्त करने में सहायता देगी। यह **शुरूआत करने**
का अच्छा माध्यम है। इसमें वे सवाल सूचीबद्ध हैं जो अन्य रोगियों और डॉक्टरों को उपयोगी लगे थे।

इस पुस्तिका में निम्नलिखित के बारे में सवाल हैं:

- » रोग-निदान
- » आप भविष्य में क्या उम्मीद कर सकते हैं
- » लक्षण और बदलाव
- » स्वास्थ्य-देखरेख टीम
- » सहायता
- » इलाज और प्रबंधन
- » इलाज के बाद क्या उम्मीद करनी चाहिए

हो सकता है कि आप इन पर तभी नज़र मारना चाहें यदि ये आपको वर्तमान में प्रभावित करते हों। **सभी सवाल आपकी स्थिति पर लागू नहीं होंगे।** अलग-अलग ट्यूमरों के अलग-अलग प्रभाव और इलाज होते हैं। इन सवालों को अगर आप पूछना न चाहे या जवाब न सुनना चाहे तो उसमें कोई खराबी नहीं है।

# विषय-वस्तु


रोग-निदान ........ 8
जाँच

भविष्य में क्या उम्मीद करनी चाहिए ........ 10

लक्षण और बदलाव ........ 12
दौरा पड़ना
सोच-विचार और व्यक्तित्व में बदलाव

स्वास्थ्य-देखरेख टीम ........ 16
बहु-विषयक टीमें
डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य-देखरेख की टीमों के सदस्यों से संपर्क करना
डॉक्टर को विज़िट करना (मिलने जाना)

सहायता ........ 20
जानकारी
व्यावहारिक मुद्दे
आर्थिक मुद्दे
सहकर्मी समर्थन

इलाज और प्रबंधन ........ 24
दूसरी राय
अलग-अलग इलाज के बारे में सवाल पूछना
सर्जरी
मुख से दवा का सेवन करना
कीमोथेरेपी
रेडियोथेरेपी
अन्य इलाज
इलाज के दौरान स्वस्थ रहन-सहन
पूरक और वैकल्पिक दवाएँ
क्लिनिकल परीक्षण
प्रशामक देखरेख (पॉलिटिव केयर)

अन्य इलाज ........ 34
सामान्य स्थिति में लौटना

# रोग-निदान

- क्या आप मेरे ट्यूमर का नाम लिख सकते हैं? क्या मेरे ट्यूमर के कोई अन्य नाम हैं?
- यह मेरे मस्तिष्क में कहाँ स्थित है? मस्तिष्क का यह हिस्सा क्या करता है?




- क्या यह धीरे-धीरे या तेज़ी से विकास कर रहा है?
- ट्यूमर कितना बड़ा है? वहाँ कितना ट्यूमर मौजूद है?
- इस ट्यूमर के होने का क्या कारण है? क्या मेरे परिवार को ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित होने का अधिक खतरा होने की संभावना है?
- मुझे पक्का पता नहीं है कि मैं इस बारे में अपने परिवार या बच्चे(च्चों) को कैसे बताऊँ – मैं इसका वर्णन कैसे कर सकता हूँ?
- ऐसी कौन सी चीज़ है जिसने इस रोग-निदान के तनाव से निपटने में अन्य लोगों की मदद की है? क्या कोई ऐसा व्यक्ति/संस्था है जिससे मैं या मेरा परिवार बात कर सकता है, ताकि इसका सामना करने में हमें मदद मिल सके?

## जाँच

- यह जाँच हमें क्या जानकारी देगा? यह जानकारी मेरे इलाज या देखरेख को कैसे प्रभावित करेगी?
- जाँच कराने में क्या शामिल है? क्या इससे कोई दर्द होगा?
- मुझे अपनी जाँच के परिणाम कब मिलेंगे? मेरे परिणामों की जानकारी मुझे कौन देगा?
- क्या मुझे अपने जाँच परिणामों की एक प्रति मिल सकती है?
- क्या मुझे जाँच परिणाम प्राप्त होने तक अपनी सामान्य गतिविधियाँ जारी रखनी चाहिए? क्या कोई ऐसा काम है जिसे मुझे करना या नहीं करना चाहिए?



## टिप्पणियाँ



# भविष्य में क्या उम्मीद करनी चाहिए



- आपके अनुसार मेरी स्थिति कैसी चल रही है?
- क्या यह संभावना है कि इलाज के बाद मेरा ट्यूमर फिर से लौट आएगा ?
- यदि ट्यूमर के वापिस आने की संभावना है, तो यह कितने समय बाद वापिस आ सकता है?
- मेरे ट्यूमर का उपचार करने की क्या संभावनाएँ हैं?
- आम-तौर पर इस प्रकार के ट्यूमर से पीड़ित लोग कितनी देर तक जीवित रहते हैं? क्या आपको ज्ञात है कि इसकी सबसे लम्बी अवधि कितनी है?
- इससे बचकर उबरने की मेरी क्या संभावनाएँ हैं?
- क्या मेरा ट्यूमर भविष्य में अधिक आक्रामक रूप ले सकता है?
- क्या मेरे ट्यूमर में खुद से सुधार हो सकता है? यदि इसका इलाज नहीं किया जाता है तो क्या यह और बिगड़ जाएगा?
- भविष्य में क्या होगा, इसका अनुमान लगाने के लिए आप किन चीज़ों पर विचार करेंगे?
- यदि मेरे ट्यूमर का उपचार नहीं किया जा सकता है, तो मैं भविष्य में क्या उम्मीद कर सकता हूँ? मेरे सबसे अच्छे और सबसे बुरे दिन किस प्रकार के होंगे?









- भविष्य में किस प्रकार के लक्षण सामने आ सकते हैं?
- किस प्रकार के बदलाव सामान्य हैं? मुझे किन बदलावों की उम्मीद करनी चाहिए?



- क्या कोई ऐसी समस्याएँ हैं जिनपर मुझे नज़र रखनी चाहिए? यदि मुझे इनमें से कोई समस्या पेश आती है तो मुझे क्या करना चाहिए?
- लक्षण कितनी देर तक बने रहेंगे? क्या लक्षण स्थायी होते हैं?
- इलाज के बारे में मुझे किससे पूछना चाहिए?
- दुष्प्रभावों के बारे में मुझे किससे पूछना चाहिए?
- मुझे आपको किन लक्षणों या बदलावों के बारे में बताना चाहिए?
- क्या मेरे रंग-रूप में बदलाव होगा?
- क्या मैं फिर भी रोज़गार कर पाऊँगा?
- क्या मैं वही कार्य कर पाऊँगा जो मैं पहले कर पाता था?
- क्या मुझे जाँच कराने की ज़रूरत होगी? क्या मुझमें पहले समान ऊर्जा होगी?
- क्या मैं अब भी गाड़ी चला सकता हूँ? क्या मुझे ड्राइविंग प्राधिकारियों को अपने ट्यूमर की जानकारी देनी होगी?
- क्या मेरे यौन जीवन पर असर पड़ेगा?
- यदि मैं उदास, अशांत या क्रोधित महसूस करूँ, तो मैं क्या कर सकता हूँ?




# टिप्पणियाँ




## दौरा पड़ना

- क्या मुझे दौरे पड़ने की संभावना है?
- यदि मुझे दौरा पड़ता है तो मेरे परिवार को क्या करना चाहिए?
- मुझे अस्पताल कब जाना चाहिए या ऐम्बुलेंस को फोन कब करना चाहिए?
- दौरा पड़ना कैसा लगता और महसूस होता है?
- क्या दौरा पड़ने के कोई चेतावनी संकेत होते हैं?



## सोच-विचार और व्यक्तित्व में बदलाव

- मेरी सोच, मेरे द्वारा उठाए जाने वाले कदम या मेरे व्यक्तित्व में बदलाव कैसे हो सकता है?
- क्या आप किसी ऐसे व्यक्ति/संस्था को मुझे रेफर कर सकते हैं जो यह जाँच कर सकता हो कि क्या मेरी सोच बदल रही है?
- मुझे यह कैसे पता चलेगा कि मेरे सोच या मेरे द्वारा उठाए जाने वाले कदम बदल रहे हैं?



# टिप्पणियाँ




- मेरी देखरेख का प्रभार किसके पास होता है?
- किस प्रकार के डॉक्टर और कर्मचारी मेरी देखरेख करेंगे?
- मैं अपनी देखरेख में शामिल लोगों से कब मिलूँगा?
- आप प्रत्येक वर्ष मेरे जैसे कितने लोगों का इलाज करते हैं?
- यदि मैं अपनी देखरेख को लेकर चिंतित हूँ तो मैं किससे बात कर सकता हूँ?
- क्या कोई व्यक्ति मेरे ट्यूमर के बारे में मेरे GP से बात करेगा?
- क्या हमारी मदद करने के लिए मैं किसी दुभाषिया का प्रयोग कर सकता हूँ?
- क्या मैं अपनी संस्कृति से सम्बन्धित किसी डॉक्टर या स्टाफ के सदस्य से बात कर सकता हूँ?



## बहु-विषयक टीमें

- बहु-विषयक टीम क्या होती है?
- क्या अप एक बहु-विषयक टीम के भाग के तौर पर काम करते हैं?
- बहु-विषयक टीम के होने का क्या अर्थ है?
- टीम मेरी देखरेख का प्रबंध कैसे करेगी?







## डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य-देखरेख की टीमों के सदस्यों से संपर्क करना

- यदि मुझे अस्पष्ट परामर्श प्राप्त होता है तो मैं किससे बात कर सकता हूँ?
- मैं सबसे पहले किससे संपर्क करूँ?
- मैं अपनी स्वास्थ्य-देखरेख टीम से संपर्क कैसे करूँ?
- मुझे अपने GP से किस बारे में बात करनी चाहिए?
- मुझे अपने ऑनकोलॉजिस्ट से किस बारे में बात करनी चाहिए?
- मैं कौन सी अन्य सेवाएँ प्राप्त कर सकता हूँ? मैं इन्हें कैसे प्राप्त करूँ?
- मेरी दवाईयों में कौन मेरी मदद कर सकता है?
- अगर मैं अस्पताल में नहीं हूँ तो मैं किससे बात करूँ?
- कार्य-समय के पश्चात मैं आपसे संपर्क कैसे कर सकता हूँ?
- आपातकालीन स्थिति में मैं किससे बात करूँ?







## डॉक्टर को विज़िट करना (मिलने जाना)

- मैं आगे किससे कब और कहाँ मिलूँगा?
- मैं आपसे दोबारा कब मिलूँगा?
- मैं आपसे कितनी बार मिलूँगा?




# टिप्पणियाँ



## सहायता

- मेरी बीमारी और इलाज में कौन सी सेवाएँ मेरी मदद कर सकती हैं?
- घर जाने के बाद मैं सहायता सेवाएँ कैसे प्राप्त करूँ?
- क्या आप ऐसी संस्थाओं के साथ मेरा संपर्क करा सकते हैं जो मेरे जैसे लोगों को सूचना और सहायता प्रदान करती हैं?
- मुझे अपने परिवार और मित्रों को क्या कहना चाहिए?
- मेरा परिवार मेरी सहायता कैसे कर सकता है?
- क्या मुझे अपने बच्चों के स्कूल को अपनी बीमारी के बारे में बताना चाहिए? मेरे बीमार होने की स्थिति में स्कूल सहायता कैसे कर सकता है?
- यदि मैं इसका सामना न कर पा रहा हूँ या हताश महसूस कर रहा हूँ तो क्या करूँ?
- क्या कोई ऐसा व्यक्ति/संस्था है जो सामना करने में मेरी मदद कर सकता है? क्या कोई व्यक्ति/संस्था मेरे परिवार की मदद कर सकती है?
- क्या कोई ऐसा है जिससे मैं अपनी आध्यात्मिक ज़रूरतों के बारे में बात कर सकता हूँ?
- वसीयत या एडवांस्ड मेडिकल डॉयरेक्टिव (अग्रिम चिकित्सा निर्देश) बनाने में मेरी सहायता कौन कर सकता है?



## जानकारी

- क्या मेरे ट्यूमर के बारे में जानकारी प्रदान करने वाली कोई विश्वसनीय वेबसाइट्स हैं?
- इलाज के बारे में मैं और अधिक जानकारी कहाँ पढ़ सकता हूँ?
- मैं सहायता कहाँ से प्राप्त कर सकता हूँ?
- क्या आपके पास अन्य भाषाओं में अधिक जानकारी है?
- क्या आपके पास कोई ऐसी जानकारी है जो मैं अपने परिवार या बच्चों को दे सकता हूँ?

## व्यावहारिक मुद्दे

- सरकारी या वित्तीय सहायता के बारे में मुझे कौन बता सकता है? क्या मेरा परिवार भी मदद प्राप्त कर सकता है?
- जब मैं इलाज कराने आता हूँ, तो मैं गाड़ी कहाँ पार्क कर सकता हूँ?
- क्या मुझे डिसेबिल्टी पार्किंग परमिट मिल सकता है? मैं इसे कैसे प्राप्त करूँ?
- यदि मैं अब गाड़ी नहीं चला सकता हूँ तो क्या मुझे टैक्सी वाउचर मिल सकते हैं?
- यदि मुझे इलाज कराने के लिए यात्रा करनी पड़ती है तो हम कहाँ ठहर सकते हैं? क्या मेरा परिवार भी साथ में ठहर सकता है?
- क्या मुझे घर या बगीचे के कार्यों में मदद मिल सकती है? क्या मुझे होम नर्सिंग केयर (घरेलू नर्सिंग देखरेख) मिल सकती है?
- क्या कोई ऐसा व्यक्ति/संस्था है जो मेरे परिवार को यह सीखा सकता है कि घर पर मेरी देखरेख कैसे करनी है?
- क्या मुझे अपनी दवाईयों पर नज़र रखनी चाहिए? मैं यह कैसे कर सकता हूँ?
- मैं घर पर अपनी सहायता के लिए उपकरण उधार या किराए पर कहाँ से ले सकता हूँ?
- मैं विग या बन्डाना कहाँ से ले सकता हूँ?



## सहकर्मी समर्थन

- क्या आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ मेरा संपर्क करा सकते हैं जिसने इस स्थिति का सामना किया है?
- क्या आपको किन्हीं सहायता समूहों की जानकारी है? सहायता समूह कैसे काम करते हैं?
- मैं किस टेलीफोन या ऑनलाइन सहायता समूह का उपयोग कर सकता/ती हूं?

## आर्थिक मुद्दे

- मेरी अपॉइंटमेंट्स में कितना खर्च आएगा? मुझे Medicare से क्या वापिस मिलेगा?



- क्या इलाज सरकारी या गैर-सरकारी प्रणाली में भिन्न होता है? अपनी जेब से होने वाला खर्च कैसे काम करता है?
- अपनी हेल्थ इंश्योरेंस (स्वास्थ्य बीमा) बनाए रखने के लिए मुझे किन कागजातों की ज़रूरत है?
- यदि मेरा प्राइवेट हेल्थ इंश्योरर (गैर-सरकारी स्वास्थ्य बीमाकर्ता) किसी चीज़ के लिए भुगतान करने से इंकार करता है तो मैं क्या कर सकता हूँ?
- क्या कोई ऐसा व्यक्ति/संस्था है जिससे मैं आर्थिक मामलों के बारे में बात कर सकता हूँ?
- क्या मुझे सस्ती दवाईयाँ मिल सकती हैं?
- क्या मुझे जाँच या इलाज से संबंधित खर्च में मदद मिल सकती है?



- यदि मैं जाँच या इलाज के लिए यात्रा करता हूँ तो क्या मुझे आर्थिक सहायता मिल सकती है? क्या मेरे परिवार को मेरे साथ यात्रा करने के लिए आर्थिक मदद मिल सकती है?
- क्या अपनी बीमारी से सम्बन्धित खर्च में मदद के लिए मैं अपने सुपरएनुएशन का प्रयोग कर सकता हूँ?
- क्या कोई अन्य ऐसी संस्थाएँ हैं जो मेरे समान स्थिति का सामना करने वाले लोगों की आर्थिक सहायता करने की पेशकश करते हैं?

# टिप्पणियाँ



- क्या जिस प्रकार के ट्यूमर से मैं पीड़ित हूँ उस प्रकार के ट्यूमर से पीड़ित लोगों का इलाज करने में आप किसी संदर्शिका का अनुसरण करते हैं?
- अपने इलाज के प्रकार का निर्णय लेने से पहले मेरे पास कितना समय है?
- आपकी राय में, मेरे लिए कौन सा इलाज सबसे अच्छा है? क्यों?



- यदि मेरा इलाज काम नहीं करता है तो मेरे पास क्या विकल्प हैं?
- आप यह कैसे बताएँगे कि मेरी स्थिति कैसी चल रही है?
- मुझे यह कैसे पता चलेगा कि क्या मुझे अपना इलाज बंद कर देना चाहिए?
- मेरी इलाज योजना क्या है? आगे क्या होगा?
- मेरी इलाज योजना में किस कारण से बदलाव हो सकता है?
- यदि मैं अपने खुद के चिकित्सीय निर्णय लेने में असक्षम हूँ तो मेरे लिए चिकित्सीय निर्णय कौन ले सकता है? मेरे लिए चिकित्सीय निर्णय लेने में किसी दूसरे की मदद करने के लिए मुझे क्या करने की ज़रूरत है?



## दूसरी राय

- क्या आप दूसरी राय के लिए मुझे किसी ऐसे व्यक्ति को रेफर कर सकते हैं जिसपर आप भरोसा करते हैं?



- यदि मैं अपना इलाज आपसे कराना चाहता हूँ, तो क्या तब भी मैं दूसरी राय ले सकता हूँ?
- मैं अपने मेडिकल रिकॉर्ड्स कैसे प्राप्त कर सकता हूँ ताकि मैं दूसरी राय लेने के लिए इन्हें किसी दूसरे डॉक्टर को दिखा सकूँ?

# टिप्पणियाँ



## अलग-अलग इलाज के बारे में सवाल पूछना

- यह इलाज मेरे लक्षणों और बचने की संभावनों को कैसे प्रभावित करेगा?
- इलाज में क्या शामिल होगा? मैं क्या अनुभव करूँगा?
- इलाज काम कर रहा है या नहीं, इसका पता लगाने में मुझे कितनी प्रतीक्षा करनी होगी?
- इलाज के दौरान या इसके पश्चात मुझे क्या-क्या जाँच कराने की ज़रूरत होगी?
- मेरा इलाज कहाँ होगा? क्या यह मेरे घर के पास किसी स्थान पर हो सकता है? क्या एक आउट पेशेंट के तौर पर मेरा इलाज हो सकता है?



- मेरा इलाज कौन करेगा? क्या यह व्यक्ति एक विशेषज्ञ (स्पेशलिस्ट) होगा?
- इस इलाज को कराने से मेरी रोज़मर्रा की गतिविधियों पर क्या असर पड़ेगा? क्या मैं रोज़गार और यात्रा कर पाऊँगा, और गाड़ी चला पाऊँगा?
- क्या यह इलाज मेरी प्रजनन शक्ति को प्रभावित करेगा? मैं अपनी प्रजनन शक्ति का प्रबंध कैसे कर सकता हूँ?
- इलाज के दौरान या इसके पश्चात मैं क्या देखूँगा या महसूस करूँगा?
- प्रभाव कितने देर बना रहेगा? क्या प्रभाव मेरा इलाज समाप्त होने के बाद जारी रहेंगे?
- क्या हम इलाज के दुष्प्रभावों की रोकथाम कर सकते हैं? दुष्प्रभावों का प्रबंध करने के लिए हम क्या कर सकते हैं?

## सर्जरी

- क्या आप पूरा ट्यूमर निकालने की योजना बना रहे हैं?
- आप सर्जरी कैसे करेंगे?
- क्या सर्जरी के दौरान मैं सचेत रहूँगा?
- आप कट कहाँ लगाएँगे? यह कितना बड़ा होगा?
- क्या कोई ऐसी चीज़ है जो मेरी सर्जरी के लिए आपकी योजना में बदलाव ला सकती है?
- क्या यह सर्जरी मुझे ठीक कर देगी? क्या सर्जरी से मेरे लक्षणों को नियंत्रित रखने में मदद मिलेगी?
- मुझे अपने साथ अस्पताल क्या ले जाने की ज़रूरत होगी?
- सर्जरी के बाद होश में आने के बाद पर मैं कैसा महसूस करूँगा? मुझे किस प्रकार की ट्यूब और ड्रिप लगाएँ जाएँगे?
- सर्जरी के बाद मैं कितनी देर अस्पताल में रहूँगा?
- सर्जरी कामयाब रही है या नहीं, इसका पता लगाने में कितनी देर लगेगी?




## सर्जरी के बाद

- क्या आपने पूरा ट्यूमर निकाल दिया? क्यों या क्यों नहीं?
- कितना ट्यूमर शेष बचा है? यह कहाँ स्थित है?


## मुख से दवा का सेवन करना

- ये गोलियाँ किस लिए हैं?
- यदि अपनी गोलियों का सेवन करने में मुझे समस्याएँ पेश आती हैं तो मैं क्या कर सकता हूँ?
- यदि मुझसे कोई खुराक छूट जाती है या मुझे उल्टी आने के कारण यह बाहर आ जाती है तो मैं क्या करूँ?
- यदि मैं बहुत सी गोलियों का सेवन कर लेता हूँ तो मैं क्या करूँ?



- मुझे इन दवाईयों का सेवन कितनी देर तक करना जारी रखना होगा?
- यदि मैं इन दवाईयों का सेवन कर रहा हूँ तो क्या मुझे अपनी मौजूदा दवाईयों का सेवन करना जारी रखना चाहिए?
- क्या इन दवाईयों का मेरी मौजूदा चिकित्सीय स्थितियों पर कोई असर होगा?
- क्या मुझे ये गोलियाँ अपने सामान्य कैमिस्ट से मिल सकती हैं?
- क्या मुझे शुरू में ही सारी रिपिट दवाईयाँ खरीद लेनी चाहिए? क्या मेरी प्रिस्क्रिप्शन या खुराक बदल सकती है?
- यदि मुझे दौरा पड़ता है तो क्या मुझे दौरा पड़ने से संबंधित अपनी दवाईयाँ लेना जारी रखना चाहिए? क्या मुझे खुराक बदलनी चाहिए?

## कीमोथेरेपी




- कीमोथेरेपी के दौरान मुझे कौन सी दवाईयाँ दी जाएँगी? किन खुराकों में?
- मुझे कीमोथेरेपी कैसे दी जाएगी?
- अपनी कीमोथेरेपी के दौरान या इसके पश्चात खुद को सुरक्षित करने के लिए क्या मुझे कुछ करने की ज़रूरत होगी? अन्य लोगों का क्या?
- क्या कीमोथेरेपी कराते समय मुझे बर्थ कंट्रोल (जन्म नियंत्रण) का प्रयोग करने की ज़रूरत होगी?

# टिप्पणियाँ



## रेडियोथेरेपी




- मुझे किस प्रकार की रेडियोथेरेपी दी जाएगी?
- रेडियोथेरेपी से पहले मुझे किस प्रकार की कार्यविधियों से गुजरना होगा?
- क्या रेडियोथेरेपी के दौरान मुझे मास्क पहनना होगा?
- क्या मेरे इलाज के दौरान मेरी मदद करने के लिए आप मुझे विश्राम तकनीक सीखा सकते हैं?
- रेडियोथेरेपी के दौरान मैं अपनी त्वचा की देखरेख कैसे कर सकता हूँ?
- क्या रेडियोथेरेपी सोच-विचार करने की मेरी शक्ति को प्रभावित करेगी?

## अन्य इलाज

- क्या कोई नए इलाज या क्लिनिकल परीक्षण उपलब्ध हैं जो सम्भवत: मेरी मदद कर सकते हैं? क्या वे यहाँ उपलब्ध हैं या किसी अन्य अस्पताल में उपलब्ध हैं?
- मैंने कैंसर के नए इलाज के बारे में सुना है। ये क्या हैं? क्या ये मेरी मदद कर सकते हैं?

## इलाज के दौरान स्वस्थ रहन-सहन

- क्या अपने इलाज के दौरान मैं रोज़गार करना जारी रख सकता हूँ? काम पर मैं लक्षणों और दुष्प्रभावों का प्रबंध कैसे कर सकता हूँ?
- क्या कोई अन्य अनुपूरक या खुराक में कोई ऐसे बदलाव हैं जो इलाज के दौरान स्वस्थ रहने में मेरी मदद कर सकते हैं?



- क्या इलाज कराते समय मैं गाड़ी चला सकता हूँ?
- यदि मैं थका हुआ महसूस करूँ तो मुझे क्या करना चाहिए? क्या मुझे अधिक विश्राम करना चाहिए? क्या व्यायाम करने से मदद मिल सकती है?



- क्या इलाज के दौरान स्वस्थ रहने के लिए मैं कुछ अन्य ऐसी बात है जो मैं कर सकता हूँ?


## पूरक और वैकल्पिक दवाएँ

- पूरक और वैकल्पिक दवाईयाँ क्या हैं?
- क्या कोई ऐसी पूरक दवाईयाँ हैं जो सम्भवत: मेरी मदद कर सकती हैं? क्या कोई ऐसी दवाईयाँ हैं जिनसे मुझे परहेज करना चाहिए?
- मुझे यह कैसे पता चलेगा कि वैकल्पिक दवाई सुरक्षित है?
- क्या आप वैकल्पिक दवाईयों के बारे में किसी विश्वसनीय सूचना या वेबसाइट्स का सुझाव दे सकते हैं?
- क्या अपने इलाज के दौरान मैं अपने सामान्य विटामिन या हर्बल दवाईयों का सेवन कर सकता हूँ?
- क्या मेरे द्वारा प्रयोग की जाने वाली अन्य दवाईयाँ मेरे चिकित्सीय इलाज में समस्याएँ उत्पन्न कर सकती हैं?
- क्या मेरे लिए यह ज़रूरी है कि मैं आपको उन दूसरी दवाईयों के बारे में जानकारी दूँ जिनका मैं प्रयोग कर रहा हूँ?



- क्या मेरी देखरेख की चर्चा करने के लिए मेरा वैकल्पिक थेरेपिस्ट आपसे संपर्क कर सकता है?

## क्लिनिकल परीक्षण



- क्लिनिकल परीक्षण क्या होते हैं?
- क्या कोई ऐसे क्लिनिकल परीक्षण हैं जो मेरे लिए कारगर सिद्ध हो सकते हैं?
- परीक्षण में शामिल होने का क्या अर्थ है?
- यदि मैं परीक्षण में भाग लेने जाता हूँ तो मुझे कितना भुगतान करना होगा?
- यदि परीक्षण में भाग लेने के दौरान मुझे समस्याएँ पेश आती हैं तो मैं किससे संपर्क करूँ?

## प्रशामक देखरेख (पॉलिटिव केयर)



- प्रशामक देखरेख क्या है?
- प्रशामक देखरेख मुझे क्या प्रदान कर सकती है?
- क्या मुझे घर पर प्रशामक देखरेख से मदद मिल सकती है?

# टिप्पणियाँ



- क्या मुझे भविष्य में अधिक इलाज कराने की ज़रूरत होगी? किस लिए?
- अपनी स्थिति बेहतर बनाने के लिए मैं क्या कर सकता हूँ?
- मुझे भविष्य में क्या-क्या जाँच कराने की ज़रूरत होगी? किस लिए? मुझे ये जाँच कब-कब करानी होगी?
- इलाज समाप्त कराने के बाद मैं किस चिकित्सीय पेशेवर से मिलूँगा? मैं उस चिकित्सीय पेशेवर से कितनी बार मिलूँगा?
- यदि मुझे यह चिंता है कि मेरा ट्यूमर वापिस आ सकता है तो मुझे क्या करना चाहिए?
- यदि मेरा ट्यूमर वापिस आ जाता है तो मैं क्या इलाज करा सकता हूँ?



## सामान्य स्थिति में लौटना

- मेरी रिक्वरी (पुन: स्वास्थ्य प्राप्ति) के दौरान क्या होगा?
- मेरी स्थिति वापिस सामान्य होने में कितना समय लगेगा?
- क्या कोई लक्षण या बदलाव स्थायी होंगे?
- अपने जीवन में बदलावों का सामना करने के बारे में मैं किससे बात कर सकता हूँ?



- काम पर वापिस लौटने से पहले मुझे क्या सोच-विचार करना चाहिए?
- क्या काम पर वापिस लौटने में मेरी मदद करने के लिए आप मुझे किसी व्यक्ति/संस्था को रेफर कर सकते हैं?
- काम पर रखने वालों को अपनी बीमारी के बारे में मुझे क्या बताना चाहिए?
- मैं दोबारा गाड़ी चलाने में कब सक्षम हो पाऊँगा?
- क्या मैं फिर से यात्रा कर सकता हूँ?



BRAIN TUMOUR ALLIANCE AUSTRALIA Inc.

और अधिक जानकारी के लिए:

**फोन:** 1800 857 221

**ई-मेल:** enquiries@btaa.org.au

**वेबसाइट:** btaa.org.au